अमर उजाला 09/09/2025

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हैप्पी धीमान प्रथम



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी। कॉलेज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में उद्यमिता पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाईं गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हैप्पी धीमान प्रथम, सुहानी द्वितीय व विनीत ने तृतीय स्थान, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में सैफी सहारण प्रथम, दिया द्वितीय और अमन तृतीय रहे। ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता में गौरव भारद्वाज प्रथम, अदिति द्वितीय और दशमीत कौर तृतीय रहे। आयोजन की ओवरऑल शिक्षक समन्वयक भारती शर्मा रहीं। विजेताओं को डीन डॉ. प्रबलिन कौर एवं विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने बधाई दी। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। रेड रिबन क्लब ने एचआईवी-एड्स की रोकथाम के बारे में जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र का संचालन डॉ. शिखा जग्गी मुख्य वक्ता ने किया। संवाद